(b) the total value of raw jute imported during the above period ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI RAM SEWAK) : (a) and (b).

| Year | Value of exports of jute goods (In crore Rs.) | Value of raw imports (In crore Rs.) |
|---|---|---|
| 1968-69 | 217.25 | 16.46 |
| 1967-68 | 233.50 | 4.89 |

### प्रतिरक्षा मंत्रालय द्वारा सरकारी उपक्रमों, गैर-सरकारी उपक्रमों तथा आयात से क्रय

3488. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष उनके विभाग के लिए क्रमश: सरकारी उपक्रमों, गैर-सरकारी उपक्रमों और आयात द्वारा किया गया वार्षिक क्रय कितने-कितने प्रतिशत था ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री और इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह)** : यथा संभव सूचना इकट्ठी की जाएगी और सभा के पटल पर दी जाएगी ।

### आवश्यकता के समय सेना का शीघ्रता से संचालन

3489. **श्री महाराज सिंह भारती** :
**श्री गार्डिलिंगन गौड** :
**श्री महेन्द्र मांझी** :
**श्री कृ० मा० कौशिक** :
**श्री रा० की० अमीन** :
**श्री जे० मुहम्मद इमाम** :

क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा देश की विशालता, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों तथा रेगिस्तान को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता के समय देश में सेना के शीघ्र संचलन को सुनिश्चित करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री और इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह)** : किसी आपात स्थिति में सेना का शीघ्र संचलन सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं विद्यमान हैं। उनके विस्तार प्रकट करना लोकहित में नहीं होगा ।

### वियतनाम से अमरीकी सेना की वापसी

3490. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अमरीका की सरकार को परामर्श दिया है कि वह वियतनाम से अमरीका सेना को वापिस बुलाने का काम शीघ्रता से पूरा करे, जो अमरीकी सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिये अमरीकी नागरिकों द्वारा शुरू किए गये आन्दोलन के कारण किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में अमरीकी सरकार से क्या उत्तर प्राप्त हुआ है ?

**वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) और (ख). वियतनाम की स्थिति पर संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत सरकार की जो बातचीत चल रही है, वह गोपनीय है और उसे बताया नहीं जा सकता । परन्तु भारत सरकार ने कई अवसरों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है, यथा, वियतनाम से सभी विदेशी सेनाएं हटा ली जाएं और विदेशी हस्तक्षेप के बिना, वियतनामी लोगों की इच्छाओं के आधार पर, एक शान्ति-पूर्ण समाधान निकाला जाए ।

### Unveiling of Gandhi Statue in South Africa

3492. SHRI SRADHAKAR SUPAKAR: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether a prominent Indian leader was invited by the Indian residents of South Africa to go there for unveiling the Statue of Mahatma Gandhi on the Gandhi Centenary day ;